भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 19

दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत धनराशि का आबंटन

†19. श्री राम विचार नेतामः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष तथा इस वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य समेत अन्य राज्यों में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत तय किये गए और प्राप्त किये गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) छत्तीसगढ़ राज्य को उक्त अवधि के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत आबंटित, जारी निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने जारी की गयी निधियों के उपयोग की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के कार्यान्वयन में वित्तीय अनियमितताओं से निपटने हेतु सरकार द्वारा क्या उपयुक्त कदम उठाये जा रहे हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ को एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत आबंटित और संवितरित निधियों का ब्यौरा निम्नवत है:

(राशि करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	आबंटन	जारी/संवितरित
2014-15	159.08	150.74
2015-16	63.69	60.82
2016-17	65.85	84.28
2017-18 (12.07.2017 तक)	64.33	9.13

(ग) एनआरडीडब्ल्यूपी की वास्तविक और वित्तीय प्रगति की मॉनीटरिंग निश्चित अवधि पर राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय समीक्षा बैठकों, सम्मेलनों और वीडियो कॉंफ्रेंसों में की जाती है। इसके अलावा, उपयोग और लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र की प्राप्ति के आधार पर राज्यों को एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत निधियां जारी की जाती हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी के कार्यान्वयन में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सूचना/लेखा परीक्षा आपत्ति प्राप्त होने के मामले में यह मंत्रालय इस मामले की जांच करवाने और उपयुक्त कार्रवाई करने के संबंध में मंत्रालय को सूचित करने हेतु इसे राज्य सरकार के विभागीय अध्यक्ष को भेज देता है।

अनुलग्नक

दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 19 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक									
एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बसावटों के लक्ष्य और उपलब्धि									
क्र.सं.	राज्य	2014-15		2015-16		2016-17		2017-18 (12.07.2017 तक)	
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
1	अंडमान और निकोबार	4	0	5	0	5	0	--	0
2	आंध्र प्रदेश	2744	2819	980	1905	1005	1373	--	0
3	अरुणाचल प्रदेश	248	214	217	143	188	126	--	0
4	असम	9938	6399	3993	1659	1752	382	--	14
5	बिहार	13000	12236	5692	7189	7777	1289	--	0
6	छत्तीसगढ़	10900	12173	3894	3670	4169	997	--	0
7	गोवा	0	0	2	0	2	0	--	0
8	गुजरात	1075	2498	961	1193	32	1605	--	0
9	हरियाणा	534	523	248	317	263	290	--	0
10	हिमाचल प्रदेश	2500	2560	1115	1536	1300	938	--	0
11	जम्मू एवं कश्मीर	803	642	359	233	380	260	--	0
12	झारखंड	16535	9185	7307	1868	1430	3074	--	209
13	कर्नाटक	10003	15398	4551	19791	12000	17434	--	0
14	केरल	1000	221	429	432	463	291	--	0
15	मध्य प्रदेश	10876	12378	5421	11478	338	7420	--	1492
16	महाराष्ट्र	4200	3747	1611	1566	1955	1270	--	0
17	मणिपुर	200	224	52	80	50	103	--	0
18	मेघालय	200	285	280	242	110	82	--	0
19	मिजोरम	52	51	31	28	35	35	--	1
20	नागालैंड	120	190	24	168	54	167	--	0
21	ओडिशा	13500	20521	8620	15224	9300	8196	--	456
22	पुडुचेरी	23	0	5	0	5	0	--	0
23	पंजाब	1850	570	261	251	779	647	--	45
24	राजस्थान	3173	3513	1963	2763	2039	2908	--	269
25	सिक्किम	200	128	45	81	40	14	--	0
26	तमिलनाडु	4805	8622	1494	1390	3269	2910	--	0
27	तेलंगाना	2057	2143	802	1669	915	1121	--	0
28	त्रिपुरा	1382	1538	525	938	565	571	--	0
29	उत्तर प्रदेश	24500	10461	2334	4300	1354	1838	--	0
30	उत्तराखंड	1056	976	473	479	495	484	--	0
31	पश्चिमी बंगाल	4620	5891	2497	5295	4766	5217	--	1
कुल		**142098**	**136106**	**56191**	**85888**	**56835**	**61042**	**--**	**2487**

(2017-18 के लिए लक्ष्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है)*

(स्रोत: आईएमआईएस का फॉर्मेट-I)